उद्योग में फार्मेसी विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के फार्मास्युटिकल विभाग के सौजन्य से फार्मास्युटिकल उद्योग में मूल्यवान अंतर्दृष्टि एवं रोजगार के अवसरों पर एक उल्लेखनीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोस्टन साइंटिफिक में इंडिया हब एंड आसियान में स्वास्थ्य अर्थशास्त्र और सरकारी मामलों के निदेशक डॉ. विभव गर्ग मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. विभव गर्ग ने फार्मास्युटिकल विज्ञान विभाग में उद्योग में फार्मेसी विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने उद्योग में फार्मास्युटिकल के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध नियामक मामलों, फार्माकोविजिलेंस, विनिर्माण, चिकित्सा उपकरणों में विपणन और बिक्री पर प्रकाश डाला और विभिन्न रोजगार के अवसरों पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील शर्मा ने बताया कि इस सेमिनार के माध्यम से लगभग 70 प्रतिभागियों ने फार्मेसी पेशे में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्याख्यान में डीन प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. सुनील कुमार और विभाग की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. रेखा राव, विभाग के प्रो. अश्विनी कुमार, डॉ. विक्रमजीत सिंह और अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। दीपिका गर्ग और अमनदीप आयोजक टीम के सदस्य थे।

- विशेषज्ञों ने कार्यक्रम में फार्मेसी को लेकर रखें अपने विचार।